# कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड

## (भारत सरकार का उपक्रम)

**विषय:** कंप्यूटर आधारित परीक्षा सीबीटी (CBT) के लिए निर्धारित तिथि।

**संदर्भ:** रोजगार अधिसूचना संख्या सीओ/पी-आर/04/2025 दिनांक 04/07/2025

**1.** उपरोक्त संदर्भ में, दिनांक 04/07/2025 के रोजगार अधिसूचना संख्या सीओ/पी-आर/04/2025 के अंतर्गत ट्रैक मेंटेनर-IV और पॉइंट्स मैन (पूर्ववर्ती ग्रुप डी पदों) की भर्ती हेतु कंप्यूटर आधारित परीक्षा सीबीटी (CBT) का आयोजन दिनांक **27/10/2025 (**सोमवार**)** को किया गया है।

**2.** दिनांक 04/07/2025 की अधिसूचना संख्या सीओ/पी-आर/04/2025 की धारा 19 में उल्लिखित ई-कॉल लेटर से संबंधित निर्देश, अनंतिम रूप से पात्र उम्मीदवारों की जानकारी के लिए पुन: प्रस्तुत किए जा रहे हैं:

**(**क**)** सभी पात्र उम्मीदवारों को ई-कॉल लेटर का विवरण एसएमएस (SMS) और ईमेल के माध्यम से भेजा जाएगा। पात्र उम्मीदवार परीक्षा की तिथि से लगभग 7 से 10 दिन पूर्व कोंकण रेलवे की वेबसाइट से ई- कॉल लेटर डाउनलोड कर सकेंगे।

**(**ख**)** उम्मीदवारों को कॉल लेटर डाक के माध्यम से नहीं भेजे जाएंगे।

**(**ग**)** उम्मीदवार को मात्र ई- कॉल लेटर जारी किया जाना यह सुनिश्चित नहीं करता कि कोंकण रेलवे ने उसकी उम्मीदवारी को अंतिम रूप से स्वीकार कर लिया है।

**(**घ**)** उम्मीदवारों को ई-कॉल लेटर पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए और उनका कड़ाई से पालन करना चाहिए। निर्देशों का पालन न करने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

**(**ङ**)** निःशुल्क यात्रा सुविधा: एससी/एसटी (SC/ST) वर्ग के वे उम्मीदवार जिन्होंने निःशुल्क यात्रा प्राधिकरण (स्लीपर क्लास रेलवे पास) का लाभ उठाने के लिए अपना जाति प्रमाणपत्र अपलोड किया है, उनके सीबीटी/डीवी/पीइटी (CBT/DV/PET) (जैसा लागू हो) हेतु ई- कॉल लेटर में निःशुल्क यात्रा प्राधिकरण सम्मिलित होगा। ऐसे उम्मीदवार ई- कॉल लेटर और एससी/एसटी (SC/ST) प्रमाणपत्र की स्वयं-सत्यापित प्रति टिकट बुकिंग काउंटर पर प्रस्तुत करके टिकट बुक करा सकते हैं। यात्रा के दौरान उन्हें मूल जाति प्रमाणपत्र एवं एक मूल वैध पहचान पत्र (जैसे: आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र, नियोक्ता द्वारा जारी सरकारी पहचान पत्र, स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालय पहचान पत्र आदि) साथ रखना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने पर उन्हें बिना टिकट यात्रा करने वाला माना जाएगा और उस अनुसार जुर्माना लगाया जाएगा। इस यात्रा सुविधा का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग करने का प्रयास करने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी किसी भी चरण में रद्द कर दी जाएगी और भविष्य की परीक्षाओं से भी वंचित किया जा सकता है।

**(**च**)** उम्मीदवारों को अपने ई- कॉल लेटर का प्रिंटआउट लेना अनिवार्य है और परीक्षा केंद्र में मूल फोटो पहचान पत्र (जैसे: मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, ई-आधार की प्रिंट कॉपी, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, सरकारी कर्मचारी के लिए नियोक्ता द्वारा जारी पहचान पत्र, या अध्ययनरत छात्रों के लिए विद्यालय/कॉलेज/विश्वविद्यालय का फोटो पहचान पत्र) के साथ उपस्थित होना होगा। ऐसा न करने पर उम्मीदवार को सीबीटी/डीवी/पीइटी/एमइ (CBT/DV/PET/ME) (जैसा लागू हो) में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

किसी भी विवादीत स्थिती में अंग्रेजी संस्करण ग्राह्य माना जायेगा।

**दिनांक: 01/10/2025**

**मुख्य कार्मिक अधिकारी**

**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**